हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, मंगलवार 2 जून 2026
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

## खबर संक्षेप



### छोटा अखाड़ा के महंत ने दिखाई मानवता की मिसाल

**मैहर।** मैहर नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण देवी जी रोड स्थित छोटा अखाड़ा के सामने खुले नाले में एक गाय गिर गई जिसे महंत जी ने अपने शिष्यों के साथ स्वयं उतरकर बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंगलवार दोपहर एक गाय अचानक खुले नाले में गिर गई। सूचना मिलते ही महंत गंगा शरण जी महाराज तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए उन्होंने अपने शिष्यों के साथ रस्सियों का इंतजाम किया और खुद नाले में उतरकर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। गाय को गंभीर चोटें आई थीं, जिसका प्राथमिक उपचार भी आश्रम में ही कराया गया। गौरतलब है कि इसी खुले नाले को ढकने के लिए महंत जी ने नगर पालिका सीएमओ से कई बार अनुरोध किया था। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो 28 मार्च 2026 को सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत क्रमांक 37473245 दर्ज कराई गई। 50 दिन बाद भी शिकायत एल3 लेवल पर अटकी है। नागरिकों का कहना है कि जो काम नगर पालिका को करना था वह एक संत को करना पड़ा। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने महंत जी महाराज का हृदय से साधुवाद और अभिनंदन किया। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका तुरंत सभी खुले नालों को ढके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोके अन्यथा अभी गाय गिर रही कल कोई बड़े हादसे होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### नि:शुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन

**मैहर।** ग्राम डेल्हा में नि:शुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि पूरे कार्यक्रम में सरपंच अभिषेक जायसवाल की सक्रिय और अहम भूमिका देखने को मिली। सरपंच अभिषेक जायसवाल की पहल और प्रयासों से ही यह स्वास्थ्य शिविर संभव हो सका,जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने आंखों की देखभाल,बीमारियों की प्रारंभिक पहचान,पोषण और नियमित जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञों से अपने सवालों के समाधान भी प्राप्त किए। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित होने चाहिए ताकि गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच और बेहतर हो सके।यह आयोजन ग्राम डेल्हा में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी और सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### सीवर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, आयुक्त ने की प्रगति की समीक्षा



**सतना।** डॉ.शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम की अध्यक्षता में सीवर परियोजना के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालन यंत्री एवं सीवर प्रभारी के.पी. गुप्ता ने परियोजना की प्रगति एवं विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। आयुक्त ने सीवर परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा एवं यातायात संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। आयुक्त ने लंबित कार्यों की प्रगति पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कार्यों में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना की गुणवत्ता एवं समयसीमा के पालन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में आकाश बट्टी,सहायक यंत्री नगर पालिक निगम सतना,रविराज सिंह, उपयंत्री नगर पालिक निगम सतना के साथ सीवर परियोजना से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महापौर बनाम कमिश्नर: सतना में प्री-मानसून बारिश ने खोली पोल

# 60 सफाईकर्मियों की भर्ती वाली फाइल दबाने का आरोप

### मेयर योगेश ताम्रकार का तीखा पत्र-'फाइल पर कुंडली मारकर बैठे रहे,शहर डूबा तो जिम्मेदारी आपकी होगी'

सतना।

नगर पालिक निगम में महापौर योगेश ताम्रकार और निगम कमिश्नर के बीच लंबे समय से चली आ रही खींचतान अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। हाल ही में हुई प्री-मानसून की पहली बारिश में ही शहर के कई इलाकों के जलमग्न होने के बाद,महापौर ने सीधे कमिश्नर (निगम प्रशासन) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महापौर ने एक कड़ा पत्र जारी कर प्रशासनिक विफलता और घोर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

#### 27 मार्च से अटकी है फाइल,जनता भुगत रही खामियाजा

महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार,शहर को जलभराव के संकट से बचाने और वर्षा पूर्व नाला-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य शाखा ने 27 मार्च 2026 को ही एक महत्वपूर्ण फाइल भेजी थी। इस फाइल में आउटसोर्स के माध्यम से 30 जून तक के लिए 60 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की भर्ती का प्रस्ताव था। महापौर ने आरोप लगाया कि इस अतिसंवेदनशील फाइल पर आज दिनांक (01 जून) तक कोई स्वीकृति या कार्यवाही नहीं की गई। अधिकारियों की इसी उदासीनता के कारण समय पर सफाई नहीं हो सकी और पहली ही बारिश में जनता को भारी संकट का सामना करना पड़ा।

#### भोपाल तक गूंजेगी सतना की खींचतान

यह मामला अब सिर्फ सतना तक सीमित नहीं रहने वाला है। महापौर ने इस पत्र (पृष्ठ क्रमांक /816/ महा.का./न.पा.नि./2026) की प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव (नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल) और आयुक्त (नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,भोपाल) को भी सूचनार्थ भेज दी है। अखबारी गलियारों और राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि महापौर और कमिश्नर के बीच की यह आपसी तनातनी अब सतना के विकास और बुनियादी सुविधाओं पर भारी पड़ने लगी है। अब देखना यह है कि इस तीखे पत्र के बाद निगम प्रशासन बैकफुट पर आता है या यह टकराव और आगे बढ़ता है।

#### महापौर की दोटूक: 'तत्काल भर्ती करें, नहीं तो पूरी जिम्मेदारी आपकी'

महापौर ने पत्र के माध्यम से निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा स्वास्थ्य शाखा द्वारा प्रेषित फाइल पर तत्काल स्वीकृति प्रदान कर 30 जून 2026 तक के लिए 60 सफाई कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया बिना किसी विलंब के पूरी की जाए। जलभराव से प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल निकासी और सफाई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से दुरुस्त की जाए।

#### इनका कहना है

यदि इस संबंध में तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गई,तो शहर की स्थिति और खराब हो सकती है,जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी (निगम प्रशासन की) होगी।

— **योगेश ताम्रकार**
**महापौर (नगर पालिक निगम, सतना)**




## चंदन पेड़ चुराने वाले अंतर-जिला गिरोह का पर्दाफाश, नागौद पुलिस ने 6 आरोपियों को दबोचा

**सतना।** जिले की नागौद थाना पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय चंदन के पेड़ चोरी करने वाले एक बड़े अंतर-जिला पारदी गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के 5 मुख्य सदस्यों सहित एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों रुपये की चंदन की लकड़ी,चोरी में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और आरी बरामद की है। पुलिस के अनुसार,ग्राम कचलोहा में लगातार दो बार हुई चंदन के पेड़ों की चोरी के बाद मुखबिर की सूचना पर ग्राम खैरा के पास दबिश दी गई। वहाँ डेरा डाले संदिग्धों ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे दिन में रुद्राक्ष की माला बेचने के बहाने गांवों में घूमकर चंदन के पेड़ों की रेकी करते थे। इसके बाद रात के अंधेरे में आरी से पेड़ काटकर अपनी मोटरसाइकिल (MP21ZE7038) से डेरे पर ले आते थे,जहाँ गिरोह की महिलाएँ लकड़ी को छीलकर बेचने लायक तैयार करती थीं। गिरोह ने सतना जिले के नागौद,रामपुर बघेलान,सिंहपुर, बाबूपुर और अमरपाटन क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है।पकड़े गए आरोपी कटनी और मंडला जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस बड़ी कामयाबी में नागौद थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय व सायबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

# सतना-मैहर अंचल में आफत की बारिश: तेज हवाओं से थमा मैहर रोपवे, शहर में जगह-जगह जलभराव

### मौसम का यू-टर्न: झमाझम बारिश से पारा गिरा,नगर निगम की लापरवाही से सड़कों पर पसरा नाले का कीचड़,हनुमान चौक पर व्यापारियों का धरना

सतना/मैहर।

अंचल में सोमवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दोपहर बाद शुरू हुई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने जहाँ भीषण गर्मी से राहत दी,वहीं प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी। कुल मिलाकर पिछले 24 घंटों में हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

#### मैहर: तेज हवाओं से थमा रोपवे,हवा में लटके रहे श्रद्धालु; मंदिर पर मौजूद रहे डीआईजी व एसपी

मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में दोपहर को उस वक्त हड़कंप मच गया,जब अचानक चली तेज हवाओं के कारण दामोदर रोपवे को सुरक्षा के लिहाज से बंद करना पड़ा। रोपवे करीब 45 मिनट तक बंद रहा, जिसके कारण कई श्रद्धालु हवा में ही डोलियों में फंसे रहे। गनीमत रही कि मौसम सामान्य होने पर इसे दोबारा शुरू किया गया। खास बात यह है कि इस दौरान रीवा रेंज के डीआईजी और मैहर एसपी भी मां शारदा के दर्शन के लिए मंदिर के ऊपर ही मौजूद थे,जिन्होंने पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी।



#### नाले की सफाई कर मलबा उठाना भूला अमला,सड़कों पर फैला कीचड़

सतना शहर में नगर निगम के प्री-मानसून दावों की पहली ही बारिश में धज्जियां उड़ गईं। गहरानाल नई बस्ती रोड पर नगर निगम ने कुछ दिनों पहले नाले की सफाई तो की थी,लेकिन उसका मलबा (कचरा) सड़क के किनारे ही छोड़ दिया। सोमवार को हुई तेज बारिश के बाद यह सारा मलबा बहकर पूरी सड़क पर फैल गया,जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का निकलना दूभर हो गया। वहीं वार्ड नंबर 8, सिद्धार्थ नगर में भी जलभराव के कारण हालात बेहद खराब नजर आए,लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए।

#### मौसम का लेखा-जोखा: कुल 55 मिमी से अधिक बरसे बदरा

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को सतना और आसपास के इलाकों में जमकर मेघ बरसे। सुबह से शाम तक ही करीब 21.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

#### सड़क की समस्या को लेकर हनुमान चौक पर बैठे व्यापारी

एक तरफ जलभराव और गंदगी से लोग परेशान दिखे,वहीं दूसरी ओर जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर स्थानीय व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। व्यापारी संघ ने शहर के मुख्य हनुमान चौक पर एकत्रित होकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। व्यापारियों का कहना है कि बार -बार मांग के बावजूद सड़कों की सुध नहीं ली जा रही है,जिससे व्यापार और आवागमन दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

#### आंकड़ों में आज का

अधिकतम तापमान 36.6
न्यूनतम तापमान 24.5
आर्द्रता 64% / 56%
सुबह 08:30 बजे तक बारिश: 33.6 मिमी
शाम 05:30 बजे तक बारिश: 21.6 मिमी
कुल बारिश (24 घंटे): 55.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# आधे घंटे की बारिश के बाद रेलवे परिसर में होता है जलभराव

### सीएमओ प्रिंस अग्रवाल एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चला विशेष सफाई अभियान

मैहर।



नगर पालिका परिषद मैहर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रिंस अग्रवाल ने शहर की स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को लेकर सक्रियता दिखाते हुए रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया। गौरतलब है कि बीते दिन हुई महज आधे घंटे की बारिश के बाद रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी,जिससे यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने तत्काल संज्ञान लिया और आज स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद नगरपालिका की पूरी टीम को मौके पर बुलाकर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित नाले की व्यापक सफाई कराई गई। अभियान के दौरान जेसीबी मशीनों की सहायता से नाले में जमा कचरा,गाद और अन्य अवरोधों को हटाया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने कहा कि आगामी बरसात को देखते हुए नगर पालिका द्वारा नालों और जल निकासी मार्गों की विशेष सफाई कराई जा रही है,ताकि मां शारदा देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित निगरानी और समयबद्ध सफाई कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर यातायात व्यवस्थित किया जाए
## सड़क के किनारें दुकानदारों के अतिक्रमण से होता है यातायात प्रभावित

मैहर।

मैहर नगर में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। तेज रफ्तार,गलत दिशा में वाहन चलाना और नियमों की खुलेआम अनदेखी के कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है,जिससे आमजन एवं राह चलते लोगों में दहशत बनी रहती है कि कब कौन आकर वाहन चढ़ा दे। इस संबंध को लेकर स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में वाहन चालक बिना किसी डर के यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। लापरवाहीपूर्वक ओवरटेकिंग,तेज गति से वाहन संचालन और ट्रैफिक संकेतों की अनदेखी आम बात हो गई है। परिणामस्वरूप कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं,जिनमें निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में तत्काल प्रभाव से सघन यातायात जांच अभियान चलाया जाए तथा नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रमुख चौराहों,ओवरब्रिज और दुर्घटना संभावित स्थलों पर स्थायी रूप से यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाकर उल्लंघनकर्ताओं पर स्वचालित कार्रवाई करने की भी मांग उठाई गई है।

#### अतिक्रमण से बिगड़ रही व्यवस्था

देखा जा रहा हैकि यातायात अव्यवस्था का एक बड़ा कारण सड़क किनारे बढ़ता अतिक्रमण भी बताया जा रहा है। दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान सड़क तक फैलाना,ट्रक-टेम्पो एवं ऑटो चालकों द्वारा बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर लोडिंग-अनलोडिंग करना तथा खरीदारों द्वारा बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करना स्थिति को और गंभीर बना रहा है। इसके अलावा ठेला व्यापारियों द्वारा कहीं भी अस्थायी दुकानें लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जाता है,जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है।

#### ओवरब्रिज बस स्टैंड बना जाम का कारण

नागरिकों के अनुसार,मैहर ओवरब्रिज स्थित वर्तमान बस स्टैंड भी यातायात दबाव का प्रमुख कारण बन गया है। यहां बसों के रुकने से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है,जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। नागरिकों ने सुझाव दिया है कि बस स्टैंड को हरनामपुर विद्युत सब स्टेशन के सामने किसी सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

#### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

नागरिकों ने जिला प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर शीघ्र एवं ठोस कदम उठाने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई,तो आने वाले समय में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

## मैहर धार्मिक नगरी में सफाई व्यवस्था चौपट, मुख्य मार्ग पर पड़ा कचरा



मैहर।

मां शारदा की पावन नगरी मैहर के मेला परिक्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार मुख्य मार्गों पर प्रतिदिन झाड़ू तो लगाई जा रही है,लेकिन पिछले लगभग तीन दिनों से एकत्रित कचरे का नियमित उठाव नहीं होने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माँ शारदा के दर्शन-पूजन के लिए गुजरते हैं,लेकिन उन्हें गंदगी के बीच से होकर आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेला परिक्षेत्र में सैकड़ों सफाईकर्मी एवं कचरा वाहन उपलब्ध होने के बावजूद न तो समय पर सफाई हो रही है और न ही कचरे का समुचित निस्तारण किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की आवाजाही भोर 4 बजे से ही प्रारंभ हो जाती है,जबकि सफाई कार्य सुबह लगभग 8 बजे के बाद शुरू होता है।ऐसे में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुबह के समय गंदगी और दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि धार्मिक नगरी की पहचान स्वच्छता और व्यवस्थाओं से होती है, लेकिन मुख्य बाजार और मेला परिक्षेत्र में तीन दिनों से पड़े कचरे ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कि प्रातः 4 बजे से श्रद्धालुओं का आना जाना शुरू हो जाता है इसलिए मंदिर के रास्ते सुबह 4 बजे के पहले सड़क का साफ किए जाने की व्यवस्था किया जाना चाहिए। श्रद्धालुओं और नागरिकों ने माँ शारदा मंदिर प्रबंध समिति एवं संबंधित अधिकारियों से तत्काल कचरा उठवाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के बीच धार्मिक नगरी की छवि धूमिल न हो क्यों कि व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारी रखे जाते है।

## कूप बना मौत का कुआं, पांच जिंदगियां गईं; आखिर जिम्मेदार कौन?

# बीहरपुरवा हादसे ने खोली मनरेगा की पोल, ठेकेदारी और जिम्मेदारों की भूमिका पर उठे सवाल

**मनरेगा योजना कहें या कि अब जयराम जी योजना सवाल 26 मई की घटना जिले की अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बीहरपुरवा में जो घटित हुई जहां मनरेगा में मनमानी ठेकेदारी का रूप सामने आया। यह तो एक बानगी है कई पंचायतों में ठेकेदारी का आलम चर्चा में है आखिरकार क्या इस घटना से सबक लेने के बाद मनरेगा योजना में मनमानी में क्या विराम लगेगा जहां ठेकेदारी पंचायतों के द्वारा कैसे किस नियम के तहत आखिरकार इतना ही नहीं इस पूरी कार्यप्रणाली में उपयंत्री को नकारा नहीं जा सकता। जिसे इस घटना में नोटिस देने के बाद मात्र कार्यवाही की इंतिहा या फिर कार्यवाही को लेकर कुछ और।**



पन्ना।

मनरेगा योजना जब लाई गई इसके पीछे गांवों का विकास तो था ही इसके साथ-साथ मजदूरों के लिए पंचायतों में हरदम काम की गारण्टी को लेकर इसे रोजगार गारण्टी का नाम भी माना जाता था। इतना हीं नहीं वर्तमान में सरकार ने इसका नाम बदलकर जयराम जी योजना कर दिया। नाम चाहे जो हो पर इस योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही की बानगी तो विगत 26 मई की घटना जहां अजयगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के नयापुरवा में एक कूप मौत का कूप बन गया। जहां पांच-पांच मजदूरों की असमायिक मौत हो गई। वहीं मनरेगा योजना के तहत इस कुआं में ठेकेदारी की पोल भी खुल गई। तथा ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही भी तय हो गई पर सवाल अभी भी जवाब के रूप में जानने के लिए माना जा रहा है आखिरकार मनरेगा योजना में ठेकेदारी जहां पंचायत के द्वारा दे दी जाती है भले ही मौखिक ही सही पर उपयंत्री जोकि इस योजना के क्रियान्वयन में कहें या कि पंचायत की सम्पूर्ण विकास कार्यों में आधार से लेकर निर्माण व अंत तक प्रमुख कड़ी मानी जाती है। जहां स्टीमेंट का निर्माण जोकि जमीनी हकीकत जान कर बनाना चाहिए। वहीं सवाल नम्बर 02 लेआउट की जिम्मेदारी उपयंत्री की होती है वहीं सवाल नम्बर 03 समय-समय पर मॉनीटरिंग के बाद मूल्यांकन व मस्टर को लेकर अग्रिम कार्यवाही भी कहीं न कहीं बिना उपयंत्री के कैसे। वहीं मनरेगा योजना हो या कि जयराम जी योजना सिस्टम की पोल खुल ही गई। सूत्रों की माने तो अजयगढ़ जनपद अंतर्गत कई पचांयतों में अभी भी मनरेगा योजना के कार्यों में ठेकेदारी की प्रणाली व्याप्त है। क्या जिम्मेदार इस घटना से सबक लेकर पंचायतों के द्वारा मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में मनमानी को लेकर विराम लगाया जायेगा आखिर कैसे ठेकेदारी प्रथा को अंजाम दिया जाता है जहां मस्टर किसी के नाम कार्य किसी से वहीं योजना में भर्रेशाही का आलम जांच का विषय है कहां-कहां इस जनपद अंतर्गत किन-किन पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कौन-कौन से कार्य कराये जा रहे है तथा ठेकेदारी का किन कार्यो को लेकर अभी भी कियान्वयन हो रहा है क्या इस पर विराम लगेगा यह तो अजयगढ़ जनपद अंतर्गत जिम्मेदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी व उपयंत्रियों को ही तय करना है। इसको नकारा नहीं जा सकता है सिस्टम की मिली भगत के तहत पंचायतों में मनमानी का आलम मनरेगा योजना जारी है। निश्चितौर पर उपयंत्री ही सबसे बड़े जिम्मेदार है जहां भ्रष्टाचार के आलम को बढ़ावा देने को लेकर प्रमुख कड़ी तो है ही। इतना हीं नहीं सचिव व रोजगार सहायक को भी इसमें पीछे नहीं माना जा सकता। क्योंकि शासन के द्वारा योजनाओं का क्रियान्वयन नियमानुसार कराये जाने को लेकर सचिव व जीआरएस को जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ को अभी भी मनरेगा योजना को लेकर संज्ञान में लेना चाहिए कितने उपयंत्रियों की मिलीभगत से ठेकेदारी जारी है। मनरेगा योजना के स्वीकृत कार्यों में किन-किन पंचायतों में यह तो मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ को ही पड़ताल करनी होगी। निश्चितौर पर मामला छोटा नहीं जहां मनरेगा योजना में मजदूरों के कार्य करने को लेकर रोजगार की गारण्टी सरकार की मंशा उसमें पानी फेरा जाना कहां तक लाजमी इतना हीं नहीं मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी जिम्मेदारी है इसके साथ-साथ मनरेगा योजना में पंचायतों की मनमानी कहीं न कहीं बीहरपुरवा पंचायत में विगत 26 मई की घटना ने पोल तो खोल ही दी अब देखना यह है कि इस घटना से सबक लेकर क्या जिम्मेदार उपयंत्री को महज नोटिस या उसके जवाब का इंतजार माने या फिर इस योजना के क्रियान्वयन में मिलीभगत को लेकर जिम्मेदार उपयंत्रियों की कार्यप्रणाली को लेकर जहां जिम्मेदार इस उपयंत्री से ही सबक देना होगा। अन्य पंचायतों के लिए वहीं निश्चितौर पर मनरेगा योजना की मंशा जो सरकार की है मजदूरों की कार्य की गारण्टी को लेकर कौन पालन करायेगा। मुख्य आरोपी के रूप इसमें कौन क्योंकि उपयंत्री प्रमुख रूप से जिम्मेदार इनको नोटिस तक ही जवाब का इंतजार या कि पंचायत के सभी विकास कार्यो को लेकर लेआउट से प्रगति व पूर्ण होने तक प्रमुख जिम्मेदारी को नकारा नहीं जा सकता फिर कार्यवाही क्यों नहीं क्या इसे विभागीय संरक्षण कहें आम जनता को क्या संदेश देना चाहता है पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षक रामचन्द्र मिश्रा का निधन

**शिक्षक के साथ-साथ बुद्धजीवी तथा अपनी राय के साथ दिशा देने को लेकर जाने जाते थे राजनैतिक परिस्थितियों को मोड़ने में भी माहिर जाने जाते थे**



पन्ना। जिले के अजयगढ़ तहसील में निज निवास में विगत दिवस रामचन्द्र मिश्रा सेवानिवृत्त शिक्षक जिनका निधन दुखद खबर को लेकर चर्चा में आया। आप का बालकाल शिक्षा के क्षेत्र में पन्ना नगर में भी बीता जहां आपकी उस समय की सोच भी चर्चा में थी। आप अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा के निवासी थे शिक्षक के साथ-साथ बुद्धजीवी तथा राय के साथ दिशा बदलने को लेकर जाने जाते थे इतना ही नहीं राजनैतिक परिस्थितियों को भांपकर मोड़ने को लेकर माहिर खिलाड़ी के रूप में भी जाने जाते थे। अपूर्णीय क्षति जरूर ग्राम फरस्वाहा से लेकर अजयगढ़ समूचे क्षेत्र के माने जा रही हैं आप मिश्रा परिवार के प्रमुख सदस्यो में से माने जाते थे। आपके पीछे आपका बालक विकास मिश्रा जिसे भगवान इस दुखद घड़ी में शक्ति प्रदान करें। वहीं आपकी आत्मा को शांति मिले यही ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है।

### बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक 3 जून को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में बुधवार, 3 जून को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारी बैठक आयोजित की जाएगी। आगामी दिवसों में मानसून आने की संभावना के दृष्टिगत तथा बाढ़ से निपटने के लिए समय पूर्व बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपदा प्रबंधन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### संक्रमण रोकने चलाया जा रहा फॉगिंग अभियान

**कटनी।** बदलते मौसम एवं बढ़ती उमस के बीच मच्छरजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में व्यापक फागिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निगम की टीम विभिन्न वार्डों, गलियों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पहुंचकर फागिंग कार्य कर रही है, जिससे मच्छरों के प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र के बरसा मुण्डा वार्ड एवं चन्द्र शेखर आजाद वार्ड के विभिन्न मार्गो सहित जलभराव वाले क्षेत्रों के पास सहित उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के संत कंवरराम वार्ड एवं महाराणा प्रताप वार्ड की मानसरोवर कॉलोनी, खैबर लाइन, रॉबर्ट लाइन सहित विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्ग में फागिंग अभियान चलाया गया। निगम प्रशासन द्वारा विशेष रूप से घनी बस्तियों में फॉगिंग कराई जा रही है, जहां मच्छरों की अधिकता की संभावना बनी रहती है। अभियान के माध्यम से मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार को रोकने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

### पेयजल समस्या का निराकरण कर लीकेज किया सुधार

**कटनी।** नगर वासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी द्वारा नगर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में विशेष पाइप लाइन लीकेज सुधार अभियान चलाकर जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। नगर निगम के जलप्रदाय अमले द्वारा कई स्थानों पर लंबे समय से हो रहे पाइपलाइन रिसाव को प्राथमिकता के आधार पर सुधारते हुए जल अपव्यय रोकने तथा नागरिकों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की गई।

# उपार्जित गेहूं का तीन दिवस में उठाव सुनिश्चित कराएं- कलेक्टर

**अवैध कॉलोनी निर्माण पर तत्काल दर्ज कराएं प्राथमिकी, टीएल बैठक में विभागवार समीक्षा कर दिए गए निर्देश**



पन्ना।

कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को साप्ताहिक टीएल बैठक में विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक में जिला कलेक्टर ने उर्वरक उपलब्धता तथा ई-विकास प्रणाली में टोकन के जरिए सुचारू रूप से किसानों को खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। जिला आपूर्ति अधिकारी को गत दिवस समर्थन मूल्य पर उपार्जित स्कंध की शेष मात्रा का तीन दिवस में अनिवार्य रूप से उठाव सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। पीएम आवास योजना शहरी में प्रगति की समीक्षा कर पन्ना सहित अन्य स्थानों पर अवैध कॉलोनियों के निर्माण के मामले पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध अविलंब पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बारिश के पूर्व वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों तथा किट उपलब्धता के लिए निर्देशित किया। साथ ही मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति व व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए। जिला संयोजक को एक सप्ताह में क्षेत्र विशेष का चिन्हांकन कर जानकारी से अवगत कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सतत रूप से सुचारू पेयजल व्यवस्था संचालित रहे। टीएल बैठक में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जानकारी प्राप्त कर सीएमओ को व्यवस्थित रूप से शहर का कचरा हटवाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभागवार 100 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। साथ ही सभी पात्र श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से शिविरों की तिथियां निर्धारित कर व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए।

### महाराज सागर तालाब के कायाकल्प में अधिकारी-कर्मचारी बनेंगे सहभागी-

जिले में वर्तमान में जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पन्ना नगर के महाराज सागर तालाब के शुद्धीकरण और कायाकल्प का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में टीएल बैठक के दौरान इसकी कार्ययोजना से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। जिला कलेक्टर ने सभी लोकसेवकों से प्राचीन तालाब के साफ-सफाई कार्य में सहभागी बनकर योगदान की अपेक्षा की। साथ ही निरंतर सात दिवस तक श्रमदान के जरिए तालाब से जलकुंभी एवं अन्य कचरा हटाने तथा कार्ययोजना मुताबिक जल स्त्रोत व घाट की साफ-सफाई के उद्देश्य से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। टीएल बैठक में शासन के निर्देश मुताबिक सभी लोकसेवकों को न्यूनतम साढ़े चार घंटे का आईगॉट प्रशिक्षण इस सप्ताह अनिवार्यतः पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बताया गया कि अधिकारी-कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली में भी मिशन कर्मयोगी के तहत प्राप्त प्रशिक्षण का इंद्राज किया जाएगा।

### स्कूल एवं आंगनबाड़ी में हो सभी बच्चों का दाखिला

कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि रूंझ एवं मझगांय परियोजना के कारण विभिन्न स्थानों पर नवीन बसाहट स्थल पर शिफ्ट होने वाले विस्थापित परिवार के सभी बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में दाखिले की कार्यवाही करें। डीपीसी अजय गुप्ता को टीम के साथ 15 स्कूलों के चिन्हांकन तथा अन्य स्थानों पर विद्यालयवार बच्चों की संख्या मुताबिक प्रवेश कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि एक भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे। टीएल बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्य में तेजी लाने, मत्स्यपालन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर केज स्थापना के माध्यम से हितग्राहियों को लाभांवित करने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभागवार गतिविधियों तथा पोर्टल पर जानकारी प्रविष्टि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। धरती आबा वाले ग्रामों में आधार शिविरों के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## जीतू पटवारी पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह डिघौरा ने श्री योगेश्वर धाम सरकार मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ, मुख्यमंत्री की सद्बुद्धि के लिए की प्रार्थना

गुनौर।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस बयान से आहत होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे ढंग से अपना विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस के जिला महासचिव कुलदीप सिंह डिघौरा ने गांधीवादी रास्ता अपनाते हुए प्रसिद्ध श्री योगेश्वर धाम सरकार डिघौरा मन्दिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया।मुख्यमंत्री की श्सद्बुद्धिश के लिए प्रार्थनाजिला महासचिव कुलदीप सिंह डिघौरा अपने समर्थकों के साथ श्री योगेश्वर धाम सरकार डिघौरा मन्दिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूरी श्रद्धा और शांतिपूर्ण तरीके से भगवान के समक्ष हनुमान चालीसा का पाठ किया। डिघौरा ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे उच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को अपनी भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने श्री योगेश्वर धाम सरकार से प्रार्थना की कि वे मुख्यमंत्री मोहन यादव को श्सद्बुद्धिश प्रदान करें ताकि भविष्य में वे विपक्ष के नेताओं के प्रति अमर्यादित भाषा का उपयोग न करें। जीतू पटवारी के लिए मांगी शक्तिहनुमान चालीसा पाठ के दौरान कुलदीप सिंह डिघौरा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के लिए भी विशेष कामना की। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि पटवारी को मध्य प्रदेश के किसानों, युवाओं और बेरोजगारों के हक की लड़ाई को पूरी ताकत से आगे बढ़ाने के लिए अटूट शक्ति मिले। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन भाषा की शालीनता कभी नहीं खोनी चाहिए। सत्ता पक्ष द्वारा लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने और अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके विरोध में उन्होंने किसी हंगामे या उग्र प्रदर्शन के बजाय गांधीवादी और धार्मिक मार्ग चुना, ताकि सरकार तक अपनी बात पहुंचाई जा सके। इस दौरान श्री योगेश्वर धाम सरकार मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समिति की बैठक 2 जून को

**पन्ना। सर्वोच्च न्यायालय के गत 19 मई को जारी आदेश के परिपालन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है।**

कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में इस समिति की बैठक 2 जून को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित इस समिति में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सदस्य-सचिव हैं, जबकि शासकीय सदस्य के रूप में सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ, जिला शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय को शामिल किया गया है। बतौर अशासकीय सदस्य नगर पालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष मीना पाण्डेय एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव शामिल हैं। इस क्रम में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय द्वारा गठित विशेष प्रकोष्ठ की बैठक भी होगी। इस समिति का गठन भी जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है, जिसके तहत एक वर्ष की अवधि के लिए निगरानी, व्यवस्था और क्रियान्वयन हेतु गठित विशेष प्रकोष्ठ में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत कार्यों की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए समिति उत्तरदायी होगी। इसमें पीओ डूडा सदस्य-सचिव व समन्वयक होंगे, जबकि बतौर सदस्य जिला पंचायत सीईओ, सभी एसडीएम, क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक कृषि, श्रम पदाधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा व नगरीय प्रशासन विकास सागर, समस्त जनपद पंचायत सीईओ और सभी नगरीय निकायों के सीएमओ शामिल किए गए हैं।

## ग्रामीण युवाओं को मिला रोजगार का अवसर, 50 प्लम्बर एवं हैण्डपंप मैकेनिक हुए प्रशिक्षित



पन्ना।

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एक निजी एनजीओ एवं एसबीआई के आरसेटी संस्थान द्वारा आयोजित छह दिवसीय आवासीय प्लम्बर एवं हैण्डपंप मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अजयगढ़ विकासखंड के 50 युवाओं ने भाग लिया।

दोनों संस्था के प्रयासों से आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपंपों एवं पुरानी नल-जल योजनाओं के रखरखाव के लिए स्थानीय स्तर पर कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशिक्षण प्राप्त युवा अब अपने गांवों में हैण्डपंपों की छोटी-मोटी खराबियों का समाधान स्वयं कर सकेंगे, जिससे लोगों को पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

इससे पूर्व आयोजित प्रथम बैच में 48 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 98 युवा हैण्डपंप मैकेनिक एवं प्लम्बर के रूप में प्रशिक्षित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सूत्रधार एनजीओ के ज्ञानेन्द्र तिवारी एवं आशीष झा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद कुमार शुक्ला एवं आरसेटी स्टॉफ भी उपस्थित रहा। सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी क्षमता अनुसार स्वरोजगार करने एवं बैंक द्वारा पूंजी ऋण प्रदाय करने के आश्वासन एवं प्रमाण पत्र वितरण के साथ शुभकामनाएं दी गईं।

## ध्यान की शक्ति नशे की मुक्ति, धुआँ नहीं ध्यान चाहिए : ब्रह्माकुमारी बहन, मानवता के तीन डाकू बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू

# विशाल रैली निकाल कर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**पन्ना।** विश्व तंबाकू निषेध विगत दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशे से दूर रहने एवं जन जागृति के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्धेश्य बताते हुए कहा की लोगों को मादक पदार्थों से बचाना एवं उनसे दूर रहने के लिए जागरुक करना है। इसके साथ उन्होंने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी विद्यालय का लक्ष्य एवं उद्देश्य समाज में व्याप्त बुराइयां एवं व्यसन को ज्ञान, ध्यान योग साधना एवं आध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा दूर करना आगे आपने कहा कि व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमे जहर की तरह हमारे शरीर को नष्ट करता है उन्होंने बताया कि आज लोग डिप्रेशन,अनिद्रा,पारिवारिक कलह, गलत संग के कारण इन नशीले पदार्थों का सेवन करने लगते हैं आगे आपने कहा कि एक कार सिर्फ 5, से 10 लाख रुपए में खरीदते हैं वह पेट्रोल से चलती है तो आप उसकी कितनी साफ-सफाई रखते हैं उसमें पेट्रोल की जगह डीजल नहीं डालते क्यों,क्योंकि कहीं इंजन खराब ना हो जाए तो सोचिए शरीर रूपी गाड़ी में आप क्या-क्या डालते हैं शराब, तंबाकू,बीड़ी,सिगरेट, गुटका कुछ भी जरा सोचे यह गाड़ी जिसमें आप नशीले पदार्थ ड्रग्स, अफीम, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू,शराब इत्यादि वस्तुएं डालते हैं तो उसका इंजन खराब होगा या नहीं? आत्मा परमात्मा की संतान है जो अति सूक्ष्म पवित्र चेतन देवी शक्ति है, जो इस शरीर रूपी मंदिर में निवास करती है क्या आप देवी देवताओं को इन नशीले पदार्थों का भोग लगाते हैं नशीले पदार्थों को छोड़ने के लिए हमें रोज कुछ समय ध्यान योग साधना मेडिटेशन जरूर करें जब हम मेडिटेशन करते हैं तो हमारी आंतरिक शक्तियां जागृत होती हैं और हम हर बुराई को जीत सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर प्रवीण द्विवेदी ब्लड बैंक प्रभारी जिला चिकित्सालय पन्ना, रोहित मिश्रा पन्ना टी आई,





श्रीमती निशा जैन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे सभी ने कार्यक्रम की सराहना की एवं अपने-अपने विचार रखे कार्यक्रम के पश्चात शहर में विशाल रैली निकाली गयी जिसमें नशे से मुक्त होने के लिए नारे लगाते हुए सभी भाई बहनों ने समाज को नशा मुक्त होने के लिए प्रेरणा दी अंत में सभी ने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रतिज्ञाएं की।

## धान फसल में पोषण प्रबंधन पर लाइव कार्यक्रम

**डॉ. रितेश जायसवाल वैज्ञानिक कृविके ने यू ट्यूब लाईव फोन इन प्रोग्राम**

**पन्ना।** धान की फसल पन्ना क्षेत्र के किसानों के लिए घरेलू खाद्य सुरक्षा और परिवार की आय का मुख्य आधार है। हालांकि, पारंपरिक खेती की विधियों के कारण अक्सर लागत अधिक और उत्पादन कम होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, समर्थन संस्था रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र, पन्ना के विशेषज्ञ डा. रितेश जायसवाल द्वारा विशेष लाइव सत्र रखा गया ।पारंपरिक खेती से आधुनिक एवं वैज्ञानिक धान उत्पादन तकनीकों की ओर बदलाव पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम डिजीटल कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेन्द्र पाण्डेय ,डीपीएम रिलायंस फाउन्डेसन मुकेश कुमार सेंगर,प्रदीप तिवारी एवं कार्यक्रम समन्वयक दिवाकर वागरी ने किसानो के साथ विस्तार कार्यकर्ता ने अपने अपने गांव मे सीधा लाईव कार्यक्रम देखने में किसानो का सहयोग किया। कई किसान धान फसल मे पोषण प्रबंधन की समस्याओं का सामना करते हैं। यह कार्यक्रम इन चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित रहा है। पोषण प्रबंधन धान खेत में पकी हुई गोबर की खाद को सही अनुपात मे डाले ताकि मृदा की उत्पादकता और भी ज्यादा प्रभावी हो पाये । रोपाई से पहले स्वस्थ एवं रोग-प्रतिरोधी पौध तैयार करने की विधि। वैज्ञानिक विधि से भूमि तैयारीरू खेत की सही लेवलिंग एवं पडलिंग (कीचड़ तैयारी) का महत्व, जिससे पानी का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। लाइन ट्रांसप्लांटिंग एवं उचित दूरीरू बेतरतीब रोपाई की जगह वैज्ञानिक लाइन रोपाई अपनाकर बेहतर धूप, निराई-गुड़ाई और पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देना। बीज उपचाररू मिट्टी एवं बीज जनित रोगों से फसल की शुरुआत से ही सुरक्षा करना। संसाधनों का कुशल उपयोगरू "कम संसाधनों में अधिक





उत्पादन" की रणनीतियाँ पानी एवं उर्वरकों का अधिकतम उपयोग। आधुनिक कृषि यंत्ररू ऐसे उपकरणों एवं मशीनों का परिचय जो श्रम कम करें और कार्य में अधिक सटीकता लाएँ। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ चरणबद्ध प्रशिक्षण खेत की लेवलिंग से लेकर अंतिम रोपाई तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। किसानो ने ज्यादातर सवाल बीज उपचार, कीट प्रबंधन एवं उगड़ा रोंग कंडो इल्ली बीमारी पर किया जिसका जबाव डा. जायसवाल ने दिया एवं किसानो को धन्यवाद दिया।

## खबर संक्षेप



### 31 गुम मोबाइल को खोज कर हितग्राहियों को सौंपा गया

लवकुशनगर। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास अभियान के अंतरगत लवकुशनगर अनुविभाग के एसडीओपी नवीन दुबे की पुलिस टीम द्वारा 31 गुमसुदा मोबाइल फोन बारामद किए गए जिनकी कुल कीमत लगभग 130000 रुपए आकी गई हैं। गुम मोबाइल स्वामियों को वापस दिए जा रहे हैं मोबाइल विभिन्न स्थानो जिले एवं जिले से बाहर और राज्य के बाहर से भी बारामद किए गए हैं बारामद मोबाइल में सैमसंग, वीवो, ओप्पो, रेडमी, रियलमी,जैसे महंगे स्मार्टफोन शामिल हैं। बरामद कर एसडीओपी नवीन दुबे द्वारा असली मलिकों को लौटाए गए यह मोबाइल विभिन्न वर्गों छात्र, मजदूर, कार्यकर्ता , व्यवसायी, किसान और ग्रहणियों के हैं। पहले भी मोबाइल की वापसी छतरपुर एसपी कार्यालय से होती रही है लेकिन नवागत एसपी रजत सकलेचा द्वारा लोगों को आने जाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए गुम मोबाइल को अनुभविभाग स्तर वितरण करने का कार्य किया गया एसडीओपी नवीन दुबे द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी का भी मोबाइल अगर गुम होता है तो वह संचार साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकता है आवेदन के बाद में मोबाइल ढूंढने का कार्य पुलिस करेगी। इस पूरी कार्यवाही में थानाप्रभारी अजय अंबे के साथ आरक्षक अनिल छारी, बलराम अहिरवार, देव सिंह, हिरदेश नायक, सतीश सिंह, राहुल चौहान सहित समस्त पुलिस बल की भूमिका रही।

### 23 वर्षीय मूक-बधिर युवक लापता



छतरपुर। जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घिनौंची से एक 23 वर्षीय मूक-बधिर युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवक के पिता ने एसपी छतरपुर को आवेदन देकर अपने बेटे को खोजने और उसकी जान की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि बेटे के मोबाइल नंबर पर कोई अन्य व्यक्ति बात कर रहा है और एक अज्ञात नंबर से फोन कर पैसों की मांग भी की जा रही है, जिससे अनहोनी की आशंका बढ़ गई है।पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र में घिनौंची निवासी भगुन्ता अहिरवार ने बताया कि उनका 23 वर्षीय पुत्र रामनाथ अहिरवार मूक-बधिर है। वह गत 21 मई 2026 को शाम करीब 6 बजे बड़ामलहरा से अचानक लापता हो गया था। गुमशुदगी के वक्त उसके पास एक मोबाइल फोन था, जो वर्तमान में चालू है। जब उस नंबर पर संपर्क किया जाता है, तो कोई अन्य अज्ञात व्यक्ति फोन उठाता है और उल्टी-सीधी बातें करता है। इतना ही नहीं, पीड़ित परिवार के पास एक अन्य अज्ञात मोबाइल नंबर से भी फोन आया है, जिसके माध्यम से लापता युवक को छोडने के बदले पैसों की मांग की जा रही है। इस संबंध में पीड़ित पिता द्वारा थाना गुलगंज में दिनांक 24 मई 2026 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी अब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पिता ने बताया कि लापता रामनाथ कम बोल पाता है और उसका कद 5 फीट 2 इंच है। गायब होने के समय उसने नीला पैंट और लाल शर्ट पहन रखी थी। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि युवक किसी आपराधिक साजिश या फिरौती के लिए अपहरण का शिकार हो सकता है, जिससे उसकी जान को खतरा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मामले को गंभीरता से लेते हुए मोबाइल नंबरों को ट्रेस करने और उनके बेटे की शीघ्र सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### वृद्ध का सूटकेस ले उड़े मोटरसाइकिल सवार



छतरपुर। जिला मुख्यालय पर बैंक से नकदी निकालकर जा रहे एक वृद्ध के साथ गंभीर घटना सामने आई है, जहां अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाश उनका रुपयों से भरा सूटकेस पार कर ले गए। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा चोरों का सुराग न लगाए जाने से परेशान होकर पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रगौली निवासी बाबूलाल शिवहरे 65 वर्ष, जो कि एलआईसी के एजेंट हैं।

# एसपी को आवेदन देने आए युवक ने काटी हाथ की नस युवक की मानसिक स्थिति को ठीक नहीं बताया जा रहा

छतरपुर।

जिला मुख्यालय छतरपुर में आये दिन कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस आने वाले लोगों में से कुछ सिरफिरे लोग घटनाएं करके चर्चाओं में आने का प्रयास कर रहे है। कोई जनसुनवाई में अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क रहा है तो कोई कोतवाली में डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास कर रहा है। यह घटनाएं अभी चर्चाओं में ही थी कि एसपी ऑफिस आज आवेदन देने आए एक युवक ने अपने हाथ की नस काट ली जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि युवक द्वारा नस काटे जाने का कोई ठोस कारण समझ मे नहीं आ रहा है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना के ग्राम भदर्रा का मूलतः निवासी शिवप्रताप सिंह राजपूत जो राजपूत कॉलोनी हरपालपुर में बर्तमान में किराए से रह रहा है। वह सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय आवेदन देने के नाम पर आया और वहीं पर वह बाथरूम करने गया तभी उसने अपने हाथ की नस काट ली। शिवप्रताप सिंह राजपूत द्वारा हाथ की नस काटें जाने की खबर मिलतें ही पुलिस उसे तत्काल पकड़कर उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। कुछ लोगों का कहना है कि



उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, तो वहीं यह भी चर्चाएं है कि ग्वालियर का उसका उपचार चल रहा है। हरपालपुर से मिली जानकारी के अनुसार वह पहले भी एक बार अपने हाथ की नस काट चुका है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कारण पता नहीं चल रहे है। उसके द्वारा जो मीडिया को बयान दिए गए उन बयानों में देखा जाए तो बहुत बड़ा राज छिपा हुआ है। मीडिया को दिए गए बयानों में शिवप्रताप सिंह राजपूत ने यह तक कह दिया कि हम और हमारा परिवार जीना नहीं चाहता है उसने पुलिस पर झूठी एफआईआर का आरोप लगाया है। पूर्व में वह न्यायालय परिसर में भी विवाद कर चुका है। नौगांव कोर्ट में जज पर भी हमले की कोशिश कर चुका है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक को चाहिए की इस तरह के मामलों की सच्चाई जानने के लिए उनकी तह तक जाकर पता लगाया जाए कि आखिर किन कारणो के चलते लोग इस तरह के घातक कदम उठा रहे है। वहीं पुलिस अधीक्षक का कहना है कि युवक जिन मामलों को लेकर शिकायत कर रहा है वह न्यायालय परिसर में हुए विवाद से जुडे है। प्रकरण न्यायालय के कर्मचारियों की शिकायत पर दर्ज किया गया था, वहीं युवक द्वारा लगाए गए आरोपों और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। साथ ही नस काटने की घटना के बाद उसकी मानसिक स्थिति और पृष्ठभूमि से जुडें तथ्यों की भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### पेड़ गिरने से हुई दूसरी मौत

मानसून आने के पहले छतरपुर जिलें में भी आंधी तूफान का कहर देखने को मिल रहा है बीते रोज आंधी तूफान से सटई थाना के ग्राम ज्वाना में एक पेड़ अचानक गिर गया जिससे उसके नीचे बैठा 75 बर्षीय बृदांवन कुशवाहा चपेट में आ गया और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पहले आंधी तूफान से बमीठा थाना के ग्राम कुटिया में एक महंत की मौत पेड़ गिरने से हो गई थी। फिलहाल पुलिस इन मामलों की जांच पड़ताल में लगी हुई है।

## बैंक का स्ट्रांग रूम तोडऩे पहुंचे थे चोर, सीसीटीव्ही ने खोल दिया राज; 5 हजार के इनामी दो आरोपी गिरफ्तार

बकस्वाहा।

कस्बे की मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में लाखों रुपये की चोरी की साजिश रचने वाले दो आरोपियों को बकस्वाहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने बैंक में सेंध लगाकर स्ट्रांग रूम तक पहुंचने की कोशिश की थी, लेकिन उसे खोलने में असफल रहने के कारण वारदात अधूरी रह गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है।जानकारी के अनुसार बैंक के असिस्टेंट मैनेजर की शिकायत पर थाना बकस्वाहा में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने बैंक परिसर का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम टगराई निवासी विजय यादव पिता बलराम यादव एवं एक विधि-विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लिया।



पूछताछ में दोनों ने बैंक में घुसकर चोरी का प्रयास करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने स्ट्रांग रूम खोलने की कोशिश की थी, लेकिन सफल नहीं हो सके, जिससे चोरी की वारदात अंजाम तक नहीं पहुंच पाई।

सोमवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर निरीक्षक जितेंद्र वर्मा और उप निरीक्षक अवधेश दुबे ने पूरे मामले का खुलासा किया। अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों तक पहुंचा गया। मामले की जांच जारी है और अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

इनकी रही अहम भूमिका

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं एसडीओपी बड़ामलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, उप निरीक्षक अवधेश दुबे, सतीश, संजय, राजकुमार तथा पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मां अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर निकली विशाल बाइक रैली, प्रतिमा अनावरण के साथ हुआ भव्य समापन

खजुराहो।

लोकमाता मां अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर खजुराहो क्षेत्र में भव्य आयोजनों का आयोजन किया गया। पाल समाज के युवा नेता अर्जुन पाल के नेतृत्व में चौथी बार विशाल बाइक रैली निकाली गई, जिसमें हजारों युवाओं एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली बागेश्वर धाम से प्रारंभ होकर मतंगेश्वर महादेव मंदिर, खजुराहो पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मां अहिल्याबाई होल्कर के समाज सुधार, धर्म संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर बमीठा के पूर्व विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री



राधेलाल बघेल तथा अखिल भारतीय घनघर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए समाज की एकजुटता और युवाओं की सक्रिय भूमिका को प्रेरणादायक बताया।

वहीं खजुराहो के युवा नेता पप्पू पाल द्वारा भी एक अलग बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसका समापन छत्रसाल चौराहे पर हुआ। यहां मां अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम का आयोजन राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शैतान सिंह पाल, पूर्व मंत्री राधेलाल बघेल, पूर्व विधायक राजेश प्रजापति, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल, जनप्रतिनिधि बहादुर पाल, जिला पंचायत सदस्य पप्पू पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## तहसील कार्यालय फिर विवादों में, जाति प्रमाण पत्र के नाम पर वसूली के आरोप, जिनकी शिकायतें उन्हीं कर्मचारियों के पास आने के बाद हुई बंद

नौगांव।

नौगांव तहसील कार्यालय एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं में है। तहसील क्षेत्र से सामने आए एक मामले ने कार्यालय की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि एक जाति प्रमाण पत्र बनवाने के एवज में 21 हजार रुपये तक की मांग और लेन-देन का मामला सामने आया, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, संबंधित आवेदक ने कई बार अधिकारियों के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन जब उसे न्याय नहीं मिला तो उसने शिकायत करना ही बंद कर दिया। क्षेत्र में चर्चा है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से आम लोगों का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्था से उठता जा रहा है।

सूत्रों का दावा है कि तहसील कार्यालय में कर्मचारियों की एक



ऐसी तिकड़ी सक्रिय है जो अधिकारियों के नाम का उपयोग कर खुलेआम लोगों से रकम वसूलने का काम कर रही है। सवाल यह भी उठ रहे हैं कि आखिर ऐसे कर्मचारी कौन हैं जिन्हें न तो नियमों का डर है और न ही वरिष्ठ अधिकारियों का भय। स्थानीय लोगों का कहना है कि नौगांव तहसील का हाल "अंधेर नगरी चौपट राजा" जैसा हो गया है। आरोप है कि यहां कई मामलों में काम कराने के लिए दस्तावेजों से ज्यादा पैसों की अहमियत दिखाई देती है। यदि कोई व्यक्ति बिना पैसे के काम कराने पहुंचता है तो उसके आवेदन में छोटी-छोटी कमियां निकालकर प्रक्रिया को लंबा कर दिया जाता है।

सूत्रों के मुताबिक, लोक सेवा गारंटी के तहत लगाए गए कई आवेदन निरस्त होने के बाद संबंधित आवेदकों से दोबारा काम कराने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। बताया जाता है कि यह कथित खेल लंबे समय से चल रहा है और इसकी शिकायतें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। मामले में यह भी चर्चा है कि जिन शिकायतों की सुनवाई होनी चाहिए थी, वे शिकायतें धीरे-धीरे बंद हो गईं। यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए तो लोक सेवा गारंटी पोर्टल और निरस्त आवेदनों के रिकॉर्ड से कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। अब क्षेत्र के नागरिकों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास कायम रह सके।

### इनका कहना है -

अगर प्रमाण सहित शिकायत की जाती है तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**जीएस. पटेल**
**एसडीएम, नौगांव**

## बिलहरी भागवत कथा में हुआ महारास और रुक्मणी कृष्ण विवाह

### उद्धव गोपी संवाद के दौरान श्रोताओं की आंखों से छलके आंसू, विवाह के दौरान बाराती बनकर झूमे श्रोता

नौगांव।



नगर से लगे ग्राम बिलहरी में पुरुषोत्तम मास के चलते निरंतर 6 दिनों चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रोता कथा श्रवण कर रहे है, तथा कथा के बीच बीच मे झाँकी के माध्यम से लीलाओं का एवं भजनों का आनंद ले रहे है। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा में व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज ने गोवर्धन की लीलाओं का वाचन करते हुए कंस बध की कथा श्रवण कराई इसके बाद करुण प्रसंग उद्धव गोपी संवाद की कथा के दौरान कथा व्यास सहित सभी श्रोताओं की आंखों में आंसू आ गए, कथा सुनने के लिए गाँव सहित नगर और आसपास क्षेत्र की सैकड़ों महिलायें, पुरुष, युवा सहित अनेक धर्मप्रेमी बंधू पहुँच रहे हैं कथा के मध्य में महारास लीला का वर्णन किया गया, रूक्मिणी कृष्ण का विवाह धूमधाम से मनाया गया उसके बाद कथा यजमान दीपक मधु दीक्षित की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर व्यास जी ने आशीर्वाद दिया। पवित्र पुरुषोत्तम मास के पर्व पर माफीदार परिवार बिलहरी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कथा वाचक मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र महामंडलेश्व दीनबंधु दास जी महाराज वृंदावन के श्रीमुख वाणी से कथा श्रवण कराई जा रही है। श्रीमद भागवत कथा के चलते गोवर्धन महाराज की कथा के पश्चात अक्रूर जी महाराज कृष्ण बलराम को वृंदावन से मथुरा ले जा रहे थे। गोपियों को जानकारी लगी सभी ने विलाप करना शुरू कर दिया इसके बाद कृष्ण जब गोपियों के साथ बैठे रहे सभी गोपियां सो गई फिर चुपचाप मथुरा गए। इसके बाद कंस का कृष्ण ने वध किया और माता पिता को कारगर से मुक्त किया। कथा में बाल व्यास ने कई अनछुए पहलू पर कथा की कथा के दौरान कथा व्यास ने कई प्रसंग सुनाये। उसके बाद करुण प्रसंग उद्धव गोपी संवाद की कथा के दौरान कथा व्यास सहित सभी श्रोताओं की आंखों में आंसू आ गए। श्री कृष्ण रुक्मणि की कथा के दौरान रुक्मणि विवाह विधि विधान से सम्पन्न हुआ जिसमें वरमाला पहनाकर मंगल गीत गाये । इसके बाद मुख्य यजमान दीपक मधु दीक्षित की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर व्यास पीठ से आशीर्वाद दिया गया तत्पश्चात भागवत की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

## महाराजपुर में मारपीट के बाद राजीनामा करने का दबाव

### पीड़ित परिवार को मिली जान से मारने की धमकी, एसपी से सुरक्षा की मांग

छतरपुर। जिला अंतर्गत थाना महाराजपुर के ग्राम झिकमऊ में एक ही परिवार के लोगों के बीच आम तोडऩे को लेकर उपजा विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। पूर्व में हुई मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अब आरोपी पक्ष द्वारा पीड़ित परिवार के घर आकर राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। समझौता न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने और बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है, जिससे डरे-सहमे पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई है और मामले में धाराएं बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में ग्राम झिकमऊ निवासी प्रार्थी तुलसीदास कुशवाहा पिता मन्नीलाल कुशवाहा ने बताया कि गत 29 मई 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे वे अपनी पत्नी रामादेवी और पुत्री किरन कुशवाहा के साथ अपने खेत पर स्थित कुएं के पास थे। उसी दौरान उनका भतीजा कन्हैयालाल कुशवाहा खेत पर लगे आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोडऩे लगा, जब प्रार्थी की पुत्री ने इसका विरोध किया, तो कन्हैयालाल उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगा। शोर सुनकर जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया, तो उनके भाई लक्ष्मण कुशवाहा और मुकेश कुशवाहा ने आकर प्रार्थी के साथ लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट कर दी। इस घटना के संबंध में थाना महाराजपुर में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक



0158/26 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी तुलसीदास कुशवाहा का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपी लक्ष्मण कुशवाहा और मुकेश कुशवाहा लगातार उनके घर आकर धमकी दे रहे हैं। आरोपियों का कहना है कि दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर चुपचाप राजीनामा कर लो, अन्यथा पूरे परिवार को जान से मारकर फेंक देंगे और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। इस धमकी से पीड़ित परिवार अत्यंत भयभीत है. मारपीट में घायल प्रार्थी वर्तमान में अपनी चोटों का इलाज करा रहा है, उसने अपनी शारीरिक स्थिति और खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ मामले में उचित कानूनी धाराएं बढ़ाने, घर में घुसकर धमकी देने का नया प्रकरण दर्ज करने तथा पीड़ित परिवार को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

## घर में घुसकर परिवार को लाठी-डंडों से पीटा, मकान में आग लगाकर गृहस्थी की खाक

### पीड़ित महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

छतरपुर।

जिला मुख्यालय के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 08 में दबंगों द्वारा एक परिवार पर जानलेवा हमला करने और उनके पूरे मकान को आग के हवाले करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से परेशान होकर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और डॉक्टरी कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिए गए आवेदन के अनुसार, बड़ामलहरा के वार्ड नंबर 08 की निवासी श्रीमती ममता पत्नी भरत यादव ने बताया कि गत 27 मई 2026 की रात्रि करीब 9:00 बजे वह अपने घर के अंदर थी और उनके पति सो रहे थे। इसी दौरान वार्ड के ही



निवासी छोटू राय, राज राय, कुलदीप राय, पुरुषोत्तम यादव, सौरभ यादव, रनबू खान और राहित खान ने एक राय होकर लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर में धावा बोल दिया। आरोपियों ने पहले प्रार्थी के पुत्र कल्लू यादव को घर में बंद करके बुरी तरह पीटा और फिर सोते हुए पति भरत यादव पर लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उनके पति के हाथ, पैर, जांघ, पीठ, कंधे और पसलियों सहित पूरे शरीर में गंभीर चोटें आईं। जब ममता यादव अपने पति को बचाने आगे आईं, तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के समय जब उनकी गर्भवती बहू श्रीमती भारती मोबाइल से इस पूरी वारदात का वीडियो बनाने का प्रयास कर रही थी, तो आरोपी राज ने उसका मोबाइल फोन भी छीनकर तोड़ दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपियों ने उनके मकान में आग लगा दी, जिससे घर में रखा गृहस्थी का संपूर्ण सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया और लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। देर रात करीब 03:00 बजे दमकल गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरा मकान जल चुका था। प्रार्थी का कहना है कि घटना की रात ही उन्होंने बड़ामलहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस ने उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी। दबंगों के रसूख और संगठित गिरोह के प्रभाव के कारण पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रही है, उल्टा आरोपियों द्वारा उनके कॉलेज में पढऩे वाले छोटे बेटे जित्तू यादव के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करा दी गई है। पीड़ित परिवार ने एसपी से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### देवतालाब मंदिर में सेवा दिवस के अवसर पर विशाल सेवा अभियान का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास सोसायटी मऊगंज संजय कुमार जैन के निर्देशन में ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल शिव मंदिर, देवतालाब परिसर में विशाल सेवा कार्य एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए निःशुल्क शीतल शरबत एवं पेयजल का वितरण किया गया तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श व प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने इस सेवा कार्य की सफलता पर रेडक्रॉस सोसायटी के सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले आम नागरिकों और श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। रेडक्रॉस सोसायटी का यह प्रयास सराहनीय है और भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। सेवा अभियान में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी मऊगंज के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्यगण और वालंटियर्स प्रातःकाल से ही पूर्ण निष्ठा के साथ उपस्थित रहे और व्यवस्था संचालन में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### ई-डॉर पोर्टल पर संबंधित अधिकारी दुर्घटना की तत्काल जानकारी दर्ज करें : अपर कलेक्टर

**सड़क दुर्घटनाओं की मानीटरिंग के लिए ई-डॉर पोर्टल पर जानकारी दें**

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री राहत योजना तथा ई-डॉर पोर्टल पर सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दर्ज करने की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और पीड़ितों को बिना देरी के सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से ई-डॉर पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल से पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, बीमा, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, एनएचआई तथा राजस्व अधिकारी जुड़े हुए हैं। सड़क दुर्घटनाओं की मानीटरिंग के लिए ई-डॉर पोर्टल एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जुड़े विभागों के अधिकारी सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल पोर्टल पर विभाग से जुड़ी जानकारी दर्ज करें। अपर कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर राहत और बचाव कार्य की पूरी निगरानी ई-डॉर पोर्टल से की जाती है। जिस क्षेत्र में दुर्घटना होती है उसके थाना प्रभारी घटना का विवरण दर्ज करें। दुर्घटना पीड़ितों के अस्पताल पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपचार संबंधी जानकारी दर्ज करें। इसी पोर्टल के माध्यम से मेडिकल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी दर्ज की जानी है। दुर्घटना के संबंध में 24 घंटे की समय सीमा में पोर्टल पर संबंधित विभागों द्वारा जानकारी दर्ज कर लेने पर दुर्घटना पीड़ित को चिन्हित अस्पतालों में प्रधानमंत्री राहत योजना से 1.5 लाख रुपए तक की उपचार सहायता निःशुल्क दी जाती है।

**रीवा में तीन से छह वर्ष तक के 3151 बच्चों की बढ़ी संख्या ,बच्चों की घटती संख्या पर विभाग ने जताई नाराजगी**

# आंगनवाड़ी केंद्रों में घट गईं नौनिहालों की संख्या, कागजों में बट रहा पोषण आहार




**रीवा।** आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों पंजीयन की स्थितिकी संख्या को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग ने चिंता जताई है। विभागीय समीक्षा में सामने आया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। इसे लेकर अधिकारियों को विशेष संपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के पंजीयन में गिरावट सामने आई है। वहीं रीवा जिले में स्थिति बेहतर रही है, जहां इस आयु वर्ग में 3151 बच्चों की संख्या बढ़ी है। दूसरी ओर संभाग के सीधी जिले में 133 बच्चों की कमी दर्ज की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग का मानना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की घटती संख्या भविष्य में पोषण और प्रारंभिक शिक्षा योजनाओं को प्रभावित कर सकती है। इसी को देखते हुए मैदानी अमले को घर-घर संपर्क बढ़ाने, अभिभावकों को जागरूक करने और अधिक से अधिक बच्चों का पंजीयन के निर्देश दिए गए है। कुछ समय पहले ही मुख्य सचिव ने भी विभाग की समीक्षा के दौरान इस पर चिंता जाहिर की थी कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है। जिन जिलों में बीते करीब एक वर्ष के दौरान कम संख्या में बच्चों का पंजीयन हुआ है, उन्हें अलग से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद से लगातार समीक्षा की जा रही है। सभी जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ही परियोजना अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करें और आंगनबाड़ी केंद्रों में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के पंजीयन पर जोर दें। इसके लिए अभिभावकों के साथ संवाद बनाने के लिए कहा गया है।पोषण ट्रैकर में डेटा अपडेट करने के निर्देश3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के चिन्हांकन और पंजीयन को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग ने विशेष अभियान चलाया है। बच्चों का पोषण ट्रैकर में सतत पंजीयन किया जाना अनिवार्य किया गया है। सरकारी और निजी स्कूलों में दाखिल बच्चों की भी पोषण ट्रैकर में स्कूल गोइंग के रूप में प्रविष्टि दर्ज करने के निर्देश हैं।इन जिलों में कम हुई है संख्याबीते 12 जनवरी के बाद से पोषण ट्रैकर के हितग्राहियों की संख्या कई जिलों में कम हुई है। पूर्व में दर्ज तीन से छह वर्ष तक के बच्चों की तुलना में अप्रैल अंत तक संख्या घट गई है, इस अवधि में पंजीयन का कार्य कराया गया है। इसमें प्रमुख रूप से सीधी जिले में 133, पन्ना में 292, अनूपपुर में 344, श्योपुर में 550, झाबुआ में 480, अलीराजपुर में 396, नरसिंहपुर में 62, निवाड़ी में नौ बच्चे कम हो गए हैं। साथ ही पांढुर्ना, हरदा सहित अन्य जिलों की स्थिति भी चिंताजनक मानी गई है।

## पैपखरा अग्निकांड में दो की मौत, दो की हालत नाजुक गैस सिलेंडर से रिसाव के बाद भड़की थी आग

**संजय गांधी अस्पताल में चल रहा था उपचार**

रीवा।



शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के पैपखरा गांव में हुए दर्दनाक अग्निकांड में झुलसे एक ही परिवार के चार लोगों में से दो की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि दो अन्य की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार पैपखरा गांव में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से रिसाव होने पर अचानक आग भड़क उठी थी। आग की चपेट में आने से परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए थे। सभी को तत्काल संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया था।

उपचार के दौरान रविवार देर रात यशोदानंदन शुक्ला और दिव्यांश शुक्ला की मौत हो गई। वहीं इंद्रकली शुक्ला और आयुष्मान का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि घटना के समय घर के आंगन में चूल्हे पर भोजन तैयार किया जा रहा था, जबकि गैस सिलेंडर घर के भीतर रखा हुआ था। इसी दौरान एक बछड़ा घर के अंदर घुस गया और सिलेंडर से टकरा गया। सिलेंडर गिरने के बाद गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और परिवार के चार सदस्य उसकी चपेट में आ गए।जिनके ठीक होने की उम्मीद थी, उनकी चली गई जानपरिजनों के मुताबिक हादसे के बाद जिन दो लोगों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बताई जा रही थी और उनके स्वस्थ होने की उम्मीद थी, उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से झुलसे दो अन्य सदस्यों का जीवन बचाने के लिए डॉक्टर लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## कियाए के विवाद में बस कर्मियों पर हमला, बचे पैसे लौटाने में हुई देरी पर बढ़ा विवाद, गुढ़ पहुंचते ही चालक और कंडक्टर से मारपीट



**रीवा।** महज 10 रुपये के विवाद ने सोमवार को गुढ़ में हिंसक रूप ले लिया। रीवा से सीधी जा रही एक यात्री बस में किराए के बचे पैसे को लेकर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि गुढ़ पहुंचते-पहुंचते मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि दो युवकों ने अपने साथियों को बुलाकर बस चालक और कंडक्टर के साथ मारपीट की। घटना से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राहुल ट्रेवल्स की बस सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे रीवा से सीधी की ओर जा रही थी। इसी दौरान दो युवक बस में सवार हुए, जिन्हें गुढ़ में उतरना था। बस कर्मचारियों के अनुसार युवकों ने किराए के भुगतान के लिए 50 रुपये दिए थे। किराया काटने के बाद शेष 10 रुपये लौटाने में कुछ समय लगने पर दोनों युवक नाराज हो गए और कंडक्टर से बहस करने लगे।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रास्ते भर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती रही। गुढ़ पहुंचने पर विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि युवकों ने अपने कुछ अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और बस चालक तथा कंडक्टर के साथ मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से बस में बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई। कई यात्रियों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पुलिस के पहुंचने के बाद भी कुछ समय तक बहस और धक्का-मुक्की की स्थिति बनी रही। बाद में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद राहुल ट्रेवल्स की बस को गुढ़ थाने लाया गया, जहां दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। बस फिलहाल थाना परिसर में खड़ी है और पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

**मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक जब्त**

## छुहिया घाटी में पति-पत्नी से लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तारलूटी गई नकदी



**रीवा।** गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र की छुहिया घाटी में पति-पत्नी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार शहडोल जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोडरी कोल निवासी रूप सिंह गोंड़ (27) ने गोविंदगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 31 मई को अपनी पत्नी पिंकी गोंड़ के साथ बस से रीवा से शहडोल जा रहा था। दोपहर करीब 2 बजे बस गोविंदगढ़ क्षेत्र स्थित छुहिया घाटी के आम चुआ मंदिर के पास पहुंची। इसी दौरान उसकी पत्नी के पेट में दर्द होने लगा, जिस कारण दोनों बस से उतरकर सड़क किनारे झाड़ियों के पास बैठ गए। इसी बीच मोटरसाइकिल से पहुंचे तीन युवकों ने पति-पत्नी को घेर लिया और उनसे आधार कार्ड तथा करीब 4500 रुपये नकद जबरन छीन लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पहाड़ी क्षेत्र की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू की। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई राशि, दो मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने वारदात के दौरान दो मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्डिंग भी की थी। पुलिस ने उन मोबाइल फोन को भी साक्ष्य के रूप में जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3600 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपये है तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 78 हजार 600 रुपये बताई गई है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिव सागर पटेल (23) पिता अच्छेलाल पटेल, इसहाक खान (18) पिता मोहम्मद गफ्फार खान तथा नीरज यादव (21) पिता रामलखन यादव, निवासी ग्राम मड़वा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के रूप में हुई है।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## सीएम हेल्पलाइन में 5 जून तक 75 प्रतिशत प्रकरण निराकृत करें - श्री गुर्जर बिजली लाइनों में मेंटीनेंस का कार्य एक सप्ताह में पूरा कराएं



**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। श्री गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। लंबित प्रकरणों में से 75 प्रतिशत का 5 जून तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें। ग्रेडिंग में कोई भी विभाग 10 जून तक सी और डी कैटेगरी में न रहे। सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराकर सीएम हेल्पलाइन में विभागीय रैंकिंग में सुधार कराएं। ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। इसमें 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का भी तत्परता से निराकरण कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का सात दिन की तय समय सीमा में निराकरण करके पोर्टल पर प्रतिवेदन दर्ज करें। समय पर कार्यवाही न करने से लंबित आवेदनों की संख्या 1500 से अधिक हो गई है। तहसीलदार, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी जनसुनवाई के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली की लाइनों में मेंटेनेंस का कार्य सात दिन में पूरा कराएं। तेज हवा और बारिश से क्षतिग्रस्त लाइनों को तत्काल ठीक कराएं। किसी भी स्थिति में नलजल योजनाओं, अस्पताल तथा स्कूलों के बिजली के कनेक्शन न काटें। कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दें। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे की समय सीमा में निराकरण कराएं। जनसुनवाई में भी बिजली की आपूर्ति, राजस्व प्रकरण तथा पेयजल व्यवस्था से संबंधित शिकायतें लगातार मिल रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जिला आपूर्ति नियंत्रक तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेंहू का दो दिन में परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन में लंबित राशि का भुगतान कराएं। सभी अधिकारी और कर्मचारी आई गॉट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण लेकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। सभी कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अब तक लिए गए प्रशिक्षण की जानकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को दो दिन में उपलब्ध कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के शेष बचे कार्यों को 15 जून तक पूरा कराकर पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराएं। कई विभागों द्वारा पोर्टल पर जानकारी अपडेट न कराने के कारण जिले की रैंकिंग में गिरावट आई है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण की गतिविधियों को पोर्टल पर तत्काल दर्ज कराएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जिले भर में एक से पाँच जून तक पर्यावरण संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। शहरों की ही तरह ग्रामीण क्षेत्र में कचरे को अलग-अलग करके कचरा वाहन से संग्रहीत करने एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था कराएं। इस अवधि में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराएं। साथ ही वृक्षारोपण की तैयारी कराएं जिससे वर्षाकाल में पौधे रोपित किए जा सकें। अभियान के दौरान की गतिविधियों को पोर्टल पर प्रतिदिन शाम 5 बजे तक अपलोड कराएं। बैठक में खाद-बीज के वितरण, आपदा प्रबंधन तथा ई आफिस व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से अविकसित बच्चों का गृह में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित संस्था में मानसिक रूप से अविकसित बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण का कार्य संपादित किया जाता है। इन बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण का नया सत्र 15 जून से प्रारंभ होगा। अधीक्षक मानसिक रूप से अविकसित बच्चों का गृह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून से प्रारंभ हो रहे नवीन सत्र में रीवा संभाग के इच्छुक अभिभावक अपने ऐसे दिव्यांग बच्चों को प्रवेश दिलाने हेतु आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर 10 जून तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु साक्षात्कार 14 जून को दोपहर 12 बजे से चयन समिति द्वारा संपन्न किया जायेगा। प्रवेश के लिये बच्चे की उम्र 6 से 12 वर्ष के बीच हो, जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी संबंधित दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना अनिवार्य होगा, जिसमें दिव्यांगता कम से कम 40 प्रतिशत हो तथा बच्चे को संक्रामक रोग नहीं होना चाहिए। बच्चे को शौंच आदि संबंधी आदतें भली-भांति आती हों। आवेदन के साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड, चाइल्ड समग्र आईडी, परिवार समग्र आईडी मोबाइल नंबर, बैंक खाता नंबर यूडीआईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांग पेंशन संबंधी जानकारी, अनुदान राशि संबंधी जानकारी एवं जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा तथा निःशक्त बच्चे की तीन छाया चित्र (तीन फोटो) लाना होगा। संस्था में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में कार्यालय में एवं मोबाइल नंबर 9893925290, 9039416654, 9179212330 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## नशा केवल स्वास्थ्य नहीं, पूरे समाज को करता है प्रभावित : एसडीओपी सची पाठक



**मऊगंज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नगर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी सची पाठक ने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि अपराध, सड़क दुर्घटनाओं और पारिवारिक विघटन जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देती है। उन्होंने कहा कि ₹नशा केवल स्वास्थ्य नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है।₹ उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।वहीं डॉ. प्रदुमन शुक्ला ने तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से होने वाली विभिन्न बीमारियों, कैंसर के प्रकारों तथा इनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्ति ही स्वस्थ जीवन की पहली शर्त है।कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्रीनिवास त्रिपाठी, संस्था संचालक विक्रांत द्विवेदी तथा वरिष्ठ व्यवसायी बबलू सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, गीत एवं जनसंवाद के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कलाकारों के प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए नशा छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम के सफल संचालन में अमरजीत साकेत एवं विजय बंसल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में सभी अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कलाकारों एवं नागरिकों ने ₹नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें₹ का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का वचन दिया।कार्यक्रम का आयोजन रामाशिव बहुउद्देशीय विकास समिति द्वारा किया गया। इस दौरान संस्था की विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। समिति द्वारा स्वास्थ्य शिविर, नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण गतिविधियों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार जैसे कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं।समिति पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से समाज हित में कार्य कर रही है और भविष्य में भी जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करती रहेगी।

## गुढ़ नगर परिषद में भारी सियासी भूचाल, क्या गिरेगी अध्यक्ष की कुर्सी या किंगमेकर साबित होंगी डॉ अर्चना सिंह

**कलेक्टर दफ्तर पहुंचे 13 बागी पार्षद पीआईसी का सामूहिक इस्तीफा लेकिन शासन स्तर पर मजबूत पकड़ वाली अध्यक्ष को हटाना नहीं होगा आसान**

**रीवा।** जिले के गुढ़ नगर परिषद में इन दिनों एक ऐसा सियासी बवंडर उठा है, जिसने पूरे जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। गुढ़ नगर परिषद की बीजेपी समर्थित अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के खिलाफ असंतोष की आग अब पूरी तरह से सुलग चुकी है। विगत दिनों नगर परिषद के 13 पार्षदों ने एकजुट होकर जिला कलेक्टर कार्यालय का दरवाजा खटखटाया और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव जारी करवाने के लिए बकायदा आवेदन पत्र सौंप दिया। इस कदम के बाद से ही गुढ़ की राजनीति का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

### पीआईसी से सामूहिक इस्तीफे ने बढ़ाई मुश्किलें

इस राजनैतिक उठापटक में नया मोड़ तब आया जब हाल में पीआईसी के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।इस सामूहिक इस्तीफे को डॉ. अर्चना सिंह के लिए एक बड़ा प्रशासनिक और राजनैतिक झटका माना जा रहा है।पार्षदों और पीआईसी सदस्यों के इस कड़े रुख से यह साफ जाहिर होता है कि नगर परिषद के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था और अध्यक्ष के खिलाफ अंदर ही अंदर असंतोष की एक बड़ी लहर तैर रही थी।

### दबाव और पैसे का खेल या पार्षदों की पलटी मार नीति

गुढ़ की सड़कों और चाय की दुकानों पर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह अविश्वास प्रस्ताव वाकई पारित हो पाएगा स्थानीय लोगों और राजनैतिक विश्लेषकों के बीच इस बात की चर्चा है कि क्या सभी बागी पार्षद अंत तक अपने फैसले पर अडिग रहेंगे या फिर हमेशा की तरह अंतिम क्षणों में दबाव और पैसे के खेल के चलते कुछ पार्षद अपनी निष्ठा बदलकर फिर से पलटी मार जाएंगे।यदि ऐसा होता है, तो अविश्वास प्रस्ताव धड़ाम से गिर जाएगा।

### अपनों की ही शह बीजेपी के कुछ बड़े नेता भी राह में बिछा रहे रोड़े

सूत्रों से मिल रही खबरों के मुताबिक, डॉ. अर्चना सिंह की इस मुश्किल घड़ी के पीछे सिर्फ विपक्षी पार्षद ही नहीं बल्कि उनकी अपनी ही पार्टी के कुछ रसूखदार नेता भी शामिल हैं। चर्चा है कि बीजेपी के कुछ स्थानीय नेता पर्दे के पीछे से पूरी बिसात बिछा रहे हैं ताकि अर्चना सिंह को अध्यक्ष की कुर्सी से बेदखल किया जा सके।अपनों की इस भितरघात ने इस सियासी जंग को और ज्यादा दिलचस्प और पेचीदा बना दिया है।

### शासन स्तर पर मजबूत पकड़ डॉ. अर्चना सिंह को गिराना इतना आसान नहीं

भले ही 13 पार्षदों ने मोर्चा खोल रखा हो और पार्टी के कुछ नेता भी उनके खिलाफ लगे हों लेकिन गुढ़ की जनता और राजनैतिक पंडितों का एक सुर में यह भी कहना है कि डॉ. अर्चना सिंह को कुर्सी से गिराना बच्चों का खेल नहीं है।डॉ. अर्चना सिंह की केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि राजधानी भोपाल और शासन स्तर पर बेहद मजबूत पकड़ मानी जाती है।प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर सरकार के शीर्ष स्तर तक उनके सीधे और गहरे संपर्क हैं।उनके इसी रसूख और राजनैतिक चातुर्य के कारण उनके समर्थक पूरी तरह आश्वस्त हैं कि वे इस संकट से पार पा लेंगी।पूर्व में भी कई बार उन्होंने अपनी राजनैतिक सूझबूझ का लोहा मनवाया है।

### क्या कहती है गुढ़ की जनता

अब पूरे गुढ़ नगर परिषद क्षेत्र के नागरिकों की निगाहें इस बात पर टिक गई हैं कि आने वाले दिनों में क्या समीकरण बनते हैं। क्या पार्षदों का यह गुस्सा अध्यक्ष की कुर्सी को ले डूबेगा या फिर डॉ. अर्चना सिंह अपनी शासन स्तर की मजबूत पकड़ और राजनैतिक जादूगरी से इस अविश्वास प्रस्ताव की हवा निकाल देंगी और अपने पद पर यथावत बनी रहेंगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन इतना जरूर है कि गुढ़ की इस सियासी जंग ने पूरे रीवा जिले का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है और आने वाले कुछ दिन गुढ़ की राजनीति के लिए बेहद निर्णायक साबित होने वाले हैं।